Hindi Murli Quiz 23-02-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज के लिए यहाँ क्लिक करें |

Q.1) **मित्र-सम्बन्धी आदि सब तरफ से याद निकालकर एक बेहद की खुशी में ठहर जाए, बड़ी कमाल है ।.....**

A. बच्चे, मुझे याद करो तो तुम्हारे विकर्म विनाश होंगे ।
B. यह भी उनसे वर्सा लेते हैं, तो याद उनको करना है ।
C. हाँ, यह भी अन्त में होगा ।
D. ऊंच ते ऊँच शिवबाबा को कोई भी जानते नहीं ।

Q.2) **इनमें से सही वाक्यों का चयन करें |**

(उत्तर एक या एक से ज्यादा भी हो सकते हैं)

A. शिवबाबा और प्रजापिता ब्रह्मा दोनों बाबा हुए ।
B. यह है ही पुरानी दुनिया, पुराना घर । पुराने घर को हमेशा तोड़ना होता है ।
C. शिवबाबा, ब्रह्मा दादा, तुम इन दोनों के बच्चे हो ।
D. तुम्हारे में भी पूरे फ्लावर्स अभी बने नहीं हैं, इसमें रॉयल्टी बड़ी अच्छी चाहिए ।
E. उनको दूसरा पार्ट जाए बजाना है । वापिस तो बुला नहीं सकते । ड्रामा है ना । इसमें रोने की कोई बात नहीं । ऐसी अवस्था वाले ही निर्मोही राजा जाकर बनते हैं ।

Q.3) **शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें --**

	Choice		Match
A	बाबा कितना अच्छा रास्ता बताते हैं ।	1	इतनी मस्ती होनी चाहिए ।
B	तुम अपना कल्याण और बहुतों का कल्याण करने नहीं चाहते हो?	2	शिवबाबा तो नहीं कहेंगे कि हमने देखा है ।
C	हम बापदादा के बच्चे हैं ।	3	सर्व प्राप्ति सम्पन्न भव !
D	एक राजा का बच्चा था, एक करोड़ रूपया 12 मास में खत्म कर दिया । ऐसे भी होते हैं ।	4	कन्याओं के लिए तो बहुत अच्छा है ।
E	संगमयुग के महत्व को जान एक का अनगिनत बार रिटर्न प्राप्त करने वाले	5	जब चाहो जैसे चाहो, जो चाहो बाप सर्वेंट रूप में बांधे हुए हैं ।
F	अभी एक का सिर्फ लाख गुणा नहीं मिलता	6	यह भी बुद्धि में याद रहे तो खुशी का पारा चढ़ा रहे	
G	कैसी भी परिस्थिति हो, परिस्थिति चली जाए	7	खुशी नहीं जाए ।

Q.4) **यह ज्ञान बड़ा गुप्त है, इसमें नमस्ते भी नहीं करनी पड़ती । दुनिया में नमस्ते अथवा राम-राम आदि कहते हैं । यहाँ ये सब बातें चल नहीं सकती क्योंकि यह एक फैमली है । फैमली में एक-दो को नमस्ते वा गुडमॉर्निंग करें-इतना शोभता नहीं है । घर में तो खान-पान खाया ऑफिस में गया, फिर आया, यह चलता रहता है । नमस्ते करने की दरकार नहीं रहती । गुडमॉर्निंग का फैशन भी यूरोपियन से निकला है ।**

A. True / ये वाक्य सही है
B. False / ये वाक्य गलत है

Q.5) **तुम कहेंगे नमस्ते बापदादा । बाप फिर कहेंगे नमस्ते ___ |**

A. जिस्मानी रूहानी बच्चे
B. रूहानी बच्चे
C. जिस्मानी बच्चे

Q.6) **इन द्वारा बाप तुम आत्माओं की सगाई अपने साथ कराते हैं इसलिए गायन भी है सतगुरू मिला दलाल के रूप में । सतगुरू कोई __ नहीं है ।**

A. मनुष्य
B. सर्वव्यापी
C. ब्रह्मा
D. दलाल

Q.7) **इस शरीर रूपी कपड़े को यहां ही छोड़ना है, इसलिए इससे ममत्व मिटा दो, कोई भी मित्र-सम्बन्धी याद न आये |**

A. False / ये वाक्य गलत है

B. True / ये वाक्य सही है

Q.8) **अभी देखो इंगलैण्ड, रशिया आदि कितने बड़े- बड़े हैं । सतयुग में यह सब थे क्या? दुनिया में यह भी किसकी बुद्धि में नहीं आता कि हमारे राज्य में यह कोई भी थे नहीं । एक ही धर्म, एक ही राज्य था, तुम्हारे में भी नम्बरवार हैं जिनकी बुद्धि में अच्छी रीति बैठता है । अगर __ हो तो वह नशा सदैव चढ़ा रहे ।**

A. योगबल

B. ज्ञान की पराकाष्ठा

C. धारणा

D. स्वदर्शन चक्र फिराते रहें

Q.9) **स्कूल में जो तीखे बच्चे होते हैं वह ...**

A. चलन में भी बहुत फर्क रखते हैं ।

B. औरों को भी उठाने की कोशिश करते हैं ।

C. थोड़े में ही राजी नहीं हो जाते हैं ।

Q.10) **तुम हो सब ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ । ब्रह्माकुमार- कुमारियॉ होने से __ भी सिद्ध हो जाता है ।**

A. ब्राह्मण

B. प्रजापिता

C. शिवबाबा

D. बापदादा